**खबर संक्षेप**

### क्लिनिक में घुसकर गल्ले से चुराए 40 हजार रुपये

**यमुनानगर।** शहर के तीर्थनगर स्थित भारती क्लिनिक में घुसकर एक युवक ने गल्ले से 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। आरोप तीर्थ नगर निवासी सोनू पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार तीर्थ नगर निवासी डॉ. राकेश अंगरिश ने बताया कि उसका तीर्थ नगर में ही भारती क्लिनिक है। वीरवार दोपहर करीब एक बजे वह क्लिनिक पर मरीजों की जांच कर रहा था। इस दौरान तीर्थ नगर निवासी सोनू उसके क्लिनिक पर आया। आरोपी ने चुपके से गल्ले से 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। जब उसे गल्ले से पैसे गायब मिले तो उसने जांच की।

### चोरों ने दुकान से चुराया लाखों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** शहर के बूडिया चौक जगाधरी में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब पांच लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बूडिया चौक जगाधरी निवासी हरमिंद्र सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चौक पर ही दुकान है। वह वीरवार की शाम को दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** गांव सादिक पुर में कार की टक्कर लगने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। तलाकौर निवासी विकास कुमार ने बताया कि उसका परिचित गांव पांडो निवासी विकास वीरवार शाम सात बजे अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था।

आमजन से इस दिन केवल आपात स्थिति में यात्रा करने की अपील

# पीएम के आगमन को लेकर पुख्ता किए सुरक्षा के इंतजाम : देसवाल

14 अप्रैल को प्रधानमंत्री की रैली के दौरान ट्रैफिक रूट डाइवर्ट किए जाने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर आगमन को लेकर जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान लोगों की सुविधा के लिए ट्रैफिक रूट भी डाइवर्ट किए गए हैं। उक्त जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए दी।

जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने बताया कि 14 अप्रैल को गांव कैल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली आयोजित की जाएगी।



रैली के दौरान किए गए प्रबंधो की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल।

इस अवसर पर जिले में वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और ट्रैफिक रूट डाइवर्ट किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से इस दिन केवल आपात स्थिति में ही यात्रा करने और यात्रा से पहले अपना रूट निर्धारित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जिला यातायात पुलिस जगह जगह तैनात रहेगी।

#### ये रहेंगे डाइवर्ट रूट

पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने बताया कि 14 अप्रैल को सहारनपुर की ओर से अंबाला पंचकूला की ओर जाने वाले वाहन औरंगाबाद बाईपास होते हुए गांव हरनौल, खेड़ी लक्खा सिंह, सरस्वती नगर, थाना छप्पर होते हुए दोसडका की ओर जाएंगे। वहीं, पौंटा साहिब, प्रतापनगर, छछरौली से अंबाला की ओर जाने वाले वाहन बिलासपुर, सरावां, पाबनी होते हुए आगे बढ़ेंगे। इसी तरह उत्तर प्रदेश, कुरुक्षेत्र, करनाल की ओर जाने वाले वाहन जगाधरी अग्रसेन चौक से होते हुए कैत टी.पॉइंट, थर्मल प्लांट के रास्ते पांसरा फाटर और फिर कलानौर की ओर भेजे जाएंगे। जबकि फरीदाबाद, पानीपत, सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और लाडवा से यमुनानगर आने वाले भारी वाहनों को लाडवा से पहले ही डायवर्ट कर दिए जाएंगे।

रैली स्थल की ओर जाने वाले वाहन अधिकृत रैली वाहन औरंगाबाद बाईपास, हरनौल चौक से होते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर जा सकेंगे। वहीं, कैथल, शाहाबाद, थानेसर, बबैन की ओर से आने वाले वाहन अधोया, थाना छप्पर होते हुए रैली स्थल तक पहुंचेंगे। पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने नागरिकों से प्रधानमंत्री की रैली के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस का सहयोग करने के लिए अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सौंदर्यीकरण

# खुले में कचरा डाला तो निगम करेगा सख्त कार्रवाई: सिन्हा

## नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी जुटे काम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर ट्विन सिटी में सफाई व्यवस्था व सौंदर्यीकरण की तैयारियों को लेकर नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी दिन रात कार्य कर रहे हैं। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने नगरवासियों से खुले में कचरा नहीं डालने के लिए आहवान किया है। साथ ही उन्होंने खुले में कचरा डालने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बीती रात स्पेशल ड्यूटी पर आए अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव की टीम ने चांदपुर ऑटो मार्केट के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक को खुले में कचरा डालते हुए पकड़ा।

निगम की टीम ने उसके ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया। ट्रैक्टर ट्रॉली में सॉलिड वेस्ट और सीएंडडी वेस्ट कचरा मिक्स करके भरा हुआ था। रात के अंधेरे में निजी ट्रैक्टर ट्रॉली चालक एक खाली प्लॉट से यह कचरा भरकर यहां लाया था। कुछ कचरा ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने बाइपास से ऑटो मार्केट के पास डाल दिया था। इससे पहले वह पूरी ट्रॉली खाली करता निगम ने उसे धर दबोचा और उसकी ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर ट्रॉली चालक को पांच हजार रुपये का चालान किया गया है।



**यमुनानगर।** खुले में कचरा डालने वालों पर रात के समय निगरानी करते हुए व लोगों को समझाते हुए निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

#### खुले में कचरा डालने पर होगी सख्त कार्रवाई

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति या वाहन चालक खुले में कचरा डालता मिला तो उसका कम से कम पांच हजार रुपये का चालान किया जाएगा। साथ ही उसका वाहन निगम द्वारा जब्त किया जाएगा। इसलिए कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा न फेंके। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाए जाने में सभी सहयोग करें। उन्होंने नगरवासियों को आहवान किया कि वह कचरा केवल डोर टू डोर घर घर आ रहे निगम के वाहनों में ही डालें। गीले कचरे से खाद तैयार करें। यदि कहीं अधिक कचरा है तो संबंधित सीएसआई को इसकी सूचना दें।

# बेसहारा गोवंशजों का सैनी बन रहे सहारा

## चार वर्षों से रोजाना खेतों से चारा काटकर ला रहे हैं

- गुरनाम सिंह सैनी के गोवंशजों के प्रति बढ़ते सेवाभाव से अन्य लोग भी हो रहे हैं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशजों के लिए रादौर के खेड़ा मोहल्ला निवासी गुरनाम सिंह सैनी सहारा बन रहे हैं। वह तपती गर्मी में दूर दराज खेतों से स्वयं हरा चारा काटकर लाते हैं और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशजो की तलाश करके उन्हें खिला कर उनका पेट भर रहे हैं।

गुरनाम सिंह सैनी के गोवंशजों के प्रति सेवाभाव को देखकर जहां लोग उनकी सराहना कर रहे हैं, वहीं, कुछ लोग भी उनसे प्रेरित होकर गोवंशजों के प्रति सेवाभाव दिखाने लगे हैं। रादौर के खेड़ा मोहल्ला निवासी गुरनाम सिंह पिछले चार वर्षों से रोजाना खेतों से चारा काटकर लाते हैं और वह अपने पशुओं के साथ साथ बेसहारा गोवंशजों की तलाश करके उन्हें चारा खिलाकर पूण्य कमाने में लगे हैं। वह बेसहारा गोवंशजों के लिए मसीहा बने हुए हैं। खास बात यह है कि कस्बा में घूम रहे कई गोवंशज तो अब गली या चौक चौराहों पर एक जगह खड़े होकर गुरनाम सिंह सैनी द्वारा चारा लाए जाने की बाट जोहते हुए दिखाई देते हैं।



यमुनानगर के रादौर में बेसहारा गोवंशजों को हरा चारा खिलाते हुए गुरनाम सिंह सैनी।

#### गोवंशजों को दिन में दो वक्त खिलाते हैं भरपेट चारा

गुरनाम सिंह सैनी ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से सुबह और शाम के वक्त बेसहारा गोवंशजों को भरपेट चारा खिलाते आ रहे हैं। वह रोजाना सुबह उठकर खेतों में जातें हैं और वहां से अपने पशुओं के साथ साथ बेसहारा गोवंशजों के लिए भी चारा लेकर आते हैं। घर आने पर वह बेसहारा गोवंशजों की तलाश करते हैं और उनके आगे चारा डालकर उनकी सेवा करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तो बेसहारा गोवंशज उनका खेतों से चारा लाए जाने का इंतजार करने लगे हैं। गुरनाम सैनी ने बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष तक पढे हैं। वर्षों से वह खेती का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कस्बा में काफी संख्या में बेसहारा गोवंशज भूखे प्यासे घूम रहे हैं।

# जिले की अनाज मंडियों में सुचारू रुप से खरीदी जा रही है गेहूं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेज हो गई है। अभी तक चालू रबी सीचन में जिला की अनाज मंडियों में 16003 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद जा चुकी है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडियों में सभी सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में चालू रबी सीजन के दौरान अभी तक कुल 16003 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 5081 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 8497 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 2425 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्थित बिलासपुर अनाज मंडी में 2518 मीट्रिक टन गेहूं, छछरौली मंडी में 461 मीट्रिक टन गेहूं, गुमथला राव मंडी में 362 मीट्रिक टन,जगाधरी मंडी में 2399 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 67 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।



#### अनाज मंडियों में सुविधाओं का रखें ध्यान

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को अनाज *मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई , शौचालय व बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें।*

# गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व का अधिकार: डॉ. तलूजा



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के वुमेन सेल व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षित दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में फैमिली प्लानिंग आफ इंडिया यमुनानगर शाखा की प्रबंधक डॉ. अंजना तलूजा ने भाग लंयिा। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर, वुमेन सेल कनवीनर डॉ. मीनाक्षी सैनी व गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष पारूल सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मौके पर गृह विज्ञान विभाग की ओर से कुकिंग कंपीटिशन का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष पारूल सिंह ने बताया कि ग्रुप एक्टिविटी में बीएससी होम साइंस अंतिम वर्ष की छात्रा टिशा व बीएससी होम साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा रितिका ने पहला स्थान अर्जित किया। तन्वी व वंशिका को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। एकल प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की रितिका ने पहला स्थान अर्जित किया। बीए अंतिम वर्ष की स्मृति ने दूसरा तथा बीए अंतिम वर्ष की सोनाक्षी को तीसरा स्थान मिला।

# संगठित कार्यकर्ताओं से आगे बढ़ती है पार्टी

- हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय जनता पार्टी ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा एक संगठित पार्टी है और इसकी सबसे बड़ी ताकत इसके मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उसकी रीढ़ होते हैं। जब ये स्तंभ मजबूत होते हैं तभी पार्टी अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करती है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की संस्कृति ही पार्टी को अन्य दलों से अलग बनाती है। उन्होंने बताया कि दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ता भी भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि भाजपा ने कभी जातपात की राजनीति नहीं की। हमने सबका साथ सबका विकास के मंत्र को अपनाते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है। कृषि मंत्री श्याम सिंह रामा ने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की निष्ठा के कारण केंद्रए राज्य और स्थानीय स्तर पर ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की आर्थिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में सरकार ऐतिहासिक फैसले लेकर नई योजनाएं लागू करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। इसके बाद कृषि मंत्री ने रादौर हलके के गांव अलाहर में पहुंचकर लोगों को 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर यमुनानगर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री की महारैली में शामिल होने का आमंत्रण दिया।



रादौर में आयोजित भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ठ अतिथि विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

### उपायुक्त ने मौसम में बढ़ दिन प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**यमुनानगर।** मौसम में दिनों दिन बढ़ रही गर्मी के कारण बढ़ते तापमान को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सभी विभागों के अधिकारियों को गर्मी व हीट वेव से बचाव करने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ने से तापमान में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें। ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। उन्होंने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत और पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ओआरएस व अन्य जरूरी दवाओं की आपूर्ति की पूर्व स्थिति का अवलोकन करें।

# प्रधानमंत्री मोदी की यमुनानगर रैली ऐतिहासिक होगी : पंवार

- हरियाणा के विकास एवं पंचायत और खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के विकास एवं पंचायत और खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यमुनानगर में होने वाली प्रधानमंत्री की रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को भाजपा के जिला प्रमुख पदाधिकारियों की पार्टी के कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में बतौर मुख्यातिथि कहे। मौके पर बैठक में मुख्य पदाधिकारियों को रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेवारियां दी गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी भी मौजूद रही।

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक में रैली से संबंधित अलग अलग व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेवारियां तय कर अलग अलग पदाधिकारीयों को व्यवस्था प्रमुख व सहप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी । उन्होंने उम्मीद जताई कि जिन भाजपा पदाधिकारियों को व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी दी गई है वह सभी भाजपा पदाधिकारी रैली स्थल पर प्रशासन के सहयोग से यह व्यवस्था जिम्मेवारी बखूबी निभाएंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि व्यवस्था संभालने वाले इन महत्वपूर्ण पार्टी पदाधिकारीयों के नाम और फोन नंबर प्रशासन के अधिकारियों को दे दिए गए हैं। ताकि उनमें आपस में समन्वय सम्पर्क बना रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार ने कहा कि 14 अप्रैल की यमुनानगर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली एक ऐतिहासिक रैली होगी । जिसमें 12 जिलों से लाखों लोग शिरकत करेंगे।




**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की रैली के लिए जिम्मेवारियां लगाते हुए हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

**कार्यक्रम** होली मदर स्कूल व न्यू हैप्पी स्कूल सुढ़ैल में कार्यक्रम आयोजित

# नन्हें-मुन्ने बच्चों ने धूमधाम से मनाई बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर व न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में बैसाखी पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने उमंग और उत्साह के साथ बैसाखी पर्व मनाया। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### पंजाबी गीतों पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने किया नृत्य

होली मदर पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने शुभारंभ किया। जिसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चों ने पंजाबी गीतों पर नृत्य करके अपनी खुशी का इजहार किया। कक्षा प्री नर्सरी से केजी के नन्हे मुन्ने बच्चे रंग बिरंगी पंजाबी वेशभूषा में अति मनमोहक लग रहे थे। कक्षा पांचवीं से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने बैसाखी के पर्व पर कविताएं प्रस्तुत की। वहीं, पोस्टर मेंकिग में नौवी और दसवीं के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें यशस्वी, मानसी, समक्ष, वर्तीका, दिवांशी, गुरप्रीत सिंह, योगेश, दिवांश, मुक्ता, खुशी, विभु, छवि, सृष्टि ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों में से सृष्टि ने सबसे शानदार पेंटिंग बनाई। इस आयोजन में बच्चों ने विज्ञान,सामाजिक शिक्षा, अंग्रेजी विषयों को कला के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए तथा हमें एकजुट होकर भारतीय त्यौहारों को मनाना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बचपन में त्योहारों की समझ और भागीदारी न केवल बच्चों के सांस्कृतिक विकास में सहायक होती है।





**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल के बच्चे बैसाखी पर्व मनाते हुए व यमुनानगर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में बैसाखी पर्व पर खुशी से झूमते हुए नन्हें मुन्ने बच्चे।

#### बच्चों ने पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा की शानदार प्रस्तुति दी

*न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में शुक्रवार को पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ बैसाखी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे धजे नजर आए और पूरे विद्यालय परिसर को एक जीवंत एवं सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गीतों और ढ़ोल की थाप पर हुआ। जिसमें बच्चों ने पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्धा की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने बैसाखी के महत्व को समझाते हुए कविता, भाषण और गीत प्रस्तुत किए। नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि बैसाखी पर्व केवल एक पर्व नहीं है। बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को न केवल अपने त्योहारों की जानकारी मिलती है। बल्कि उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित होती है। बच्चों का उत्साह और भागीदारी सराहनीय रही।*

